**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **5-(क)** क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-सलेमपुर पतौरा, ब्लाक-काकोरी, जनपद-लखनऊ में नौमी लाल यादव के घर से जितेन्द्र यादव के घर तक की रोड पर जलभराव होने के कारण ग्रामीणों/स्कूली बच्चों को आने-जाने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? | प्रश्नगत स्थल जिस कालोनी में स्थित है, वह कॉलोनी प्राइवेट सोसाइटी/कॉलोनाईजर द्वारा अनाधिकृत रूप से बसायी गयी है, जिसका तलपट मानचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नहीं है। ऐसी कॉलोनियों के विकास का प्रथम दायित्व संबंधित सोसाइटी/कॉलोनाईजर का होता है फिर भी व्यापक जनहित के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा अपने सीमित संसाधनों से प्राथमिकता निर्धारित करते हुये समय-समय पर विकास कार्य कराये जाते है।<br>प्रश्नगत कार्य का कराया जाना धन की उपलब्धता तथा स्थानीय निकाय के निर्णय पर निर्भर है। |
| **(ख)** यदि हॉ, तो कब तक उक्त स्थान पर जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को राहत प्रदान करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| **(ग)** यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**